बैंक /बीमा कार्यालयों **/एटीएम - कर्मचारियों तथा आगंतुकों के लिए**

- बैंक /बीमा/एटीएम के ज़रूरी परिचालन के लिए कम के कम कर्मचारियों को काम पर बुलाएं ।
- एटीएम में पर्याप्त मात्रा में नकदी की व्यवस्था करें।
- कार्यालय परिसरों तथा एटीएम को बार-बार सैनिटाइज करें।
- बैंकों /बीमा कार्यालयों में आनेजाने वाले सभी कर्मचारी तथा आगंतुक अपने हाथों को सैनिटाइज करें तथा दिन में बार-बार अपने हाथो को धोएं।
- नकदी के लेनदेन करने वाले व्यक्ति प्रत्येक लेनदेन के बाद अपने हाथों को अच्छी तरह से सैनिटाइज करें।
- बैंक/बीमा कार्यालय अपने ग्राहकों को काउंटरों से एक मीटर की दूरी पर खड़े रहने की व्यवस्था करें।
- एक बार में सिर्फ एक ही ग्राहक को काउंटर पर आने की व्यवस्था करें तथा अन्य ग्राहकों को कार्यालय परिसर के अंदर अथवा बाहर 1 से 1.5 मीटर की दूरी पर प्रतीक्षा करने को कहें।
- एटीएम प्रहरियों के पास सैनिटाइजर की व्यवस्था की जानी चाहिए तथा उन्हें आने-जाने वाले प्रत्येक ग्राहकों को सैनिटाइज करने को कहना चाहिए।
- प्रत्येक एटीएम में एक बार में सिर्फ एक ही व्यक्ति को प्रवेश करने दें। एटीएम के बाहर प्रतीक्षारत व्यक्ति को एटीएम के दरवाजे से 1 से 1.5 मीटर की दूरी पर खड़े रहने को कहें।
- बैंक/बीमा कार्यालय अपने कार्यालय से बाहर चेक ड्रॉप बॉक्स की व्यवस्था करें जिससे कि सिर्फ चेक डालने के लिए आने वाले व्यक्ति को बैंक में प्रवेश करने की जरूरत न पड़े।
- पूछताछ में भाग लेने वाले व्यक्ति प्रवेश द्वार के निकट ही बैठें, जिससे कि ग्राहकों को अनावश्यक रूप से एक काउंटर से दूसरे काउंटर पर जाने की जरूरत न पड़े ।